मूल्य 1 रु.

वर्षः 9 - अंक : 296, मुंबई, बुधवार, 12 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




# फिर कमाल आपका

## आई लव यू ऑल

'दिल्ली वालों गजब कर दिया आपने, आई लव यू, जय बजरंग बली। दिल्लीवासियों को तहे दिल से शुक्रिया कि उन्होंने तीसरी बार अपने बेटे पर भरोसा किया। यह जीत हर दिल्लीवासी की जीत है, जिन्होंने मुझे अपना बेटा मानकर इतना बड़ा समर्थन दिया। यह जीत उन सबकी है जिन्हें 24 घंटे बिजली मिल रही है, पानी मिल रहा, स्तरीय शिक्षा और इलाज मिल रहा है। दिल्ली ने आज देश में नई किस्म की राजनीति को जन्म दिया यह है काम की राजनीति। यह राजनीति 21वीं सदी की राजनीति को नया रूप देगी। यह भारत माता की जीत है, पूरे देश की जीत है। आज मंगलवार है, हनुमानजी का दिन है, हनुमानजी ने दिल्ली पर कृपा बरसाई है, हनुमानजी का भी बहुत बहुत धन्यवाद। प्रभु हमें शक्ति दे कि आने वाले पांच साल हम सब दिल्ली के दो करोड़ लोग दिल्ली को सुंदर शहर बनाएं। भारता माता की जय, वंदे मातरम।'

—अरविंद केजरीवाल

# 62 सीटें जीतकर आप ने लगाई हैट्रिक

## भाजपा की झोली में 8 सीटें

## कांग्रेस दूसरी बार जीरो पर आउट, 63 की जमानत जब्त

संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने प्रचंड जीत दर्ज की है। आम आदमी पार्टी ने 70 में से 62 सीटों पर या तो जीत दर्ज कर ली है या फिर आगे चल रही है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वालों के साथ ही हनुमानजी को धन्यवाद दिया है। केजरीवाल ने जीत के बाद लोगों के सामने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को बर्थडे विश किया। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बात करते हुए 'आप' की इस प्रचंड जीत को बर्थडे गिफ्ट बताया। उन्होंने कहा कि इससे अच्छा बर्थडे गिफ्ट नहीं हो सकता था।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## जीत के बाद बोले सिसोदिया...

# केजरीवाल के काम पर लगी मुहर



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कड़ी मशक्कत के बाद पटपड़गंज से मिली जीत पर कहा कि यह काम और शिक्षा की जीत है, देश में पहली बार ऐसा हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने नफरत की राजनीति फैलाने की कोशिश की लेकिन हमारे वोटर और दिल्लीवासी बंटे नहीं। सिसोदिया ने कहा कि बीजेपी की नफरत वाली राजनीति हार गई है। मनीष ने कहा कि मुझे पड़पड़गंड का विधायक एक बार फिर से बनने पर गर्व है और यह अरविंद केजरीवाल के काम की जीत है क्योंकि उन्होंने दिल्ली का बेटा बनकर जनता के लिए विकास के काम यहां किए थे।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

www.mumbaihalchal.com mumbaihalchal@gmail.com https://www.facebook.com/mumbaihalchal.halchal https://twitter.com/MumbaiHalchal

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### बजट सत्र में सावरकर के सम्मान में प्रस्ताव लाए शिवसेना: बीजेपी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सावरकर पर राजनीति तेज हो गई है। मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने शिवसेना पर सावरकर को लेकर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए आगामी बजट सत्र में उनके सम्मान के लिए प्रस्ताव लाने की मांग की है। वहीं शिवसेना ने जवाबी पलटवार करते हुए कहा है कि केंद्र की बीजेपी सरकार पहले उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करे।

बीजेपी ने शिवसेना पर निशाना साधते हुए सावरकर को लेकर रुख स्पष्ट करने की मांग की है। बीजेपी ने कहा है कि शिवसेना यह तय करे कि सीएम की कुर्सी प्यारी है या फिर वीर सावरकर। बीजेपी की मांग है कि बजट सत्र में सेनानी वीर सावरकर के सम्मान में प्रस्ताव लाया जाए। गौरतलब है कि महाराष्ट्र का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। वहीं पिछले सप्ताह शिवसेना के विनय राउत ने कहा था, 'बीजेपी पहले वीर सावरकर को भारत रत्न से सम्मानित करे। हमें हिंदुत्व ना सिखाए।' 'अथांग सावरकर' कार्यक्रम को लेकर विवाद शुरू हो गया है। विधायक एवं ठाणे शहर बीजेपी अध्यक्ष निरंजन डावखरे ने आरोप लगाते हुए कहा, 'सावरकर को लेकर शिवसेना की भूमिका दोहरी है। राज्य की महाआघाडी सरकार में शामिल शिवसेना को कांग्रेस की वजह से सावरकर से दूर होना पड़ा है। शिवसेना हिंदूवादी होने का खोखला ढोंग कर रही है।' बता दें कि 7 फरवरी को मराठी भाषा दिवस मनाया जाता है। इस दिन शिवसेना प्रणित स्थानीय लोकाधिकार समिति महासंघ की तरफ से मुंबई के प्रभादेवी स्थित रवींद्र नाट्यगृह में वीर सावरकर से जुड़े अभिनेता शरद पोंक्षे के 'अथांग सावरकर' कार्यक्रम का आयोजन होना था। लेकिन कुछ कारणों के चलते महासंघ ने कार्यक्रम को रद्द कर दिया। इसके बाद इस कार्यक्रम का आयोजन बीजेपी की तरफ से उसी दिन ठाणे के काशिनाथ घाणेकर सभागृह में किया गया। बीजेपी ने शिवसेना पर कांग्रेस के साथ गठबंधन की वजह से आयोजन रद्द किए जाने का आरोप लगाया है।

### मध्य रेलवे पर बढ़ेगी लोकल की रफ्तार, यात्रियों को लेट होने की समस्या से मिलेगी निजात

**मुंबई।** मध्य रेलवे से सफर करने वाले यात्रियों को जल्द ही लेट होने की समस्या से निजात मिलने वाली है। यात्रियों की परेशानी कम करने के लिए रेलवे रोड ओवर ब्रिज का काम जल्द ही पूरा करेगा, ताकि सभी लोकल ट्रेन अपने निर्धारित समय पर गंतव्य तक पहुंच सकें।


बता दें कि मध्य रेल पर लेवल क्रॉसिंग गेट के कारण पिछले 2 साल में 8,169 सेवाएं देरी से चलीं। इससे मध्य रेल के 93,615 मिनट बर्बाद हुए। मध्य रेल पर दिवा, कलवा और आंबिवली में लेवल क्रॉसिंग गेट हैं। ट्रैफिक के समय एक बार गेट खुलने पर ट्रेन औसतन 15 मिनट की देरी से चलती है। बजट में भी रेलवे की इस समस्या का पूरा खयाल रखा गया है। दिवा रोड ओवर ब्रिज के लिए 7 करोड़ रुपये, विक्रोली रोड ओवर ब्रिज के लिए 3 करोड़ रुपये, दिवा-वसई रोड ओवर ब्रिज के लिए 13.3 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। रेलवे के एक अधिकारी के अनुसार, दिवा लेवल क्रॉसिंग गेट पर आरओबी का काम तीव्र गति से चल रहा है, इस वर्ष के अंत तक काम पूरा हो जाएगा। कलवा में खारीगांव आरओबी से लेवल क्रॉसिंग गेट बंद होना था, लेकिन इसके पूर्वी छोर पर एक इमारत के कारण काम रुका था। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस समस्या को दूर कर लिया गया है, जल्द ही आरओबी का काम शुरू होगा। इसी तरह से आंबिवली के भी आरओबी का काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवाजी सुतार के अनुसार, सारे लेवल क्रॉसिंग गेट बंद हो जाने पर मध्य रेल की लोकल ट्रेन समय पर चलेंगी।

# चावल के दानों से हो रहा था दहशत का धंधा, टाइगर मेमन के साथी ने किए सनसनीखेज खुलासे

**मुंबई।** आईबी की टिप पर गुजरात और महाराष्ट्र एटीएस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में रविवार रात 1993 ब्लास्ट के एक आरोपी मुनाफ हलारी मूसा को मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया है। उसके पास एक पाकिस्तानी पासपोर्ट भी मिला है। जांच एजेंसियों का कहना है कि वह इसी पासपोर्ट पर दुबई जा रहा था।

पिछले महीने गुजरात एटीएस और कोस्ट गार्ड ने कच्छ के पास समुद्र में एक बोट पकड़ी थी, जिसमें 35 पैकेट ड्रग्स के मिले थे। उस केस में पांच पाकिस्तानियों को गिरफ्तार किया गया था। उनसे पूछताछ में मुनाफ का नाम सामने आया था। जांच एजेंसियों को इन आरोपियों से मुनाफ का पासपोर्ट नंबर भी मिल गया था। इस नंबर को देश के सभी एयरपोर्ट पर भेजकर उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया था। उसी में मुनाफ रविवार रात पकड़ा गया।

गुजरात एटीएस के अनुसार, मुंबई के 1993 के ब्लास्ट में उसके खिलाफ सीबीआई ने रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था, लेकिन तब भी वह कानून की गिरफ्त



में नहीं आया था। कुछ साल पहले भारत सरकार ने पाकिस्तान को 50 मोस्ट वॉन्टेड आरोपियों की सूची सौंपी थी, जो पाकिस्तान में रह रहे हैं। उसमें भी उसका नाम था। एक अधिकारी के अनुसार, मुनाफ 1993 बम ब्लास्ट के मुख्य साजिशकर्ता टाइगर मेमन का बहुत खास है। टाइगर ने ही पाकिस्तानी अधिकारियों की मदद से अनवर मोहम्मद के नाम से उसका पाकिस्तानी पासपोर्ट बनवाया था, जिसका नंबर BM1799983 है। इस पहचान पर उसने नरोबी, केन्या में शरण ली हुई थी। नरोबी में उसने पहले अलग बिजनेस किया। बाद में टाइगर मेमन के कहने पर चावल के आयात-निर्यात का भी धंधा किया। उसी दौरान वह भारत में हथियार और विस्फोटकों की तस्करी भी करवाता रहा। यही नहीं, वह ड्रग्स की सप्लाई का भी प्रमुख सूत्रधार बन गया। पिछले महीने गिरफ्तार पांच पाकिस्तानी आरोपियों के पूछताछ में गुजरात में पकड़े गए 35 ड्रग्स के पैकेट मुनाफ ने कराची के किसी हाजी हसन के कहने पर भिजवाए थे। हाजी को मुनाफ से जब बातचीत इंटरसेप्ट की गई, तो पता चला कि उसने मुनाफ से समुद्र के रास्ते विस्फोटक भिजवाने का भी वादा किया था। जांच अधिकारियों के अनुसार, 1993 के ब्लास्ट के बाद मुनाफ दो बार भारत आ चुका था। रविवार की गिरफ्तारी से पहले वह आखिरी बार साल, 2014 में अटारी बॉर्डर से भारत में घुसा था और काफी समय मुंबई में भी रहा था। उसके पास से जो पाकिस्तानी पासपोर्ट जब्त किया गया, पाकिस्तान में उसे दो बार रिन्यू किया जा चुका है।

# अब बिल्डर को रहेगा जल्द घर देने का डर!

**मुंबई।** बिल्डरों की मनमानी पर लगाम लगाते हुए झोपड़पट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण (एसआरए) ने राज्य सरकार को परियोजना प्रभावित (पीएपी) के घरों को एक महीने में लेने का नियम बनाने का प्रस्ताव भेजा है। इसे मंजूरी मिलने के बाद बिल्डरों को तय समय में पीएपी के घर एसआरए को सौंपना बंधनकारक हो जाएगा। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को गति मिल सकेगी, जिनकी राह में घरों का पुनर्स्थापन रोड़ा था।

सरकारी परियोजनाओं की वजह से घर गंवाने वाले लोगों को अब अपने घर के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। परियोजना प्रभावित लोगों को निर्धारित समय में घर उपलब्ध करवाने के लिए गृहनिर्माण विभाग ने नियमों में परिवर्तन का प्रस्ताव किया है। नए निर्णय के अनुसार, बिल्डरों को ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट (ओसी) मिलने के 30 दिन के भीतर पीएपी के घर एसआरए को सौंपने होंगे। पुराने नियम के अनुसार, इमारत का ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट मिलने के 2 साल के भीतर बिल्डर को घर सरकार को देने होते थे। इसी लचर नियम का फायदा बिल्डर उठाते आ रहे हैं। इमारत तैयार होने के बाद भी घर एसआरए को सौंपते नहीं थे। कई तो लंबे समय बाद भी घर नहीं सौंपते थे।



सड़क चौड़ीकरण, नाला विस्तार समेत अन्य सरकारी परियोजनाओं के लिए जिन लोगों के घर लिए जाते हैं। ऐसे लोगों की पात्रता निर्धारित करने और उन्हें दूसरे स्थान घर उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी प्रशासन की होती है। सरकार के इस फैसले से प्रभावित लोगों को तय समय में अब घर मिल सकेंगे। लचर कानून होने की वजह से इमारत तैयार होने के बाद भी बिल्डर घरों को अपने पास रखते थे। इन घरों को भाड़े पर देकर मोटी कमाई करते थे। इस वजह से परियोजना प्रभावित लोगों को उनके हक का घर नहीं मिल पाता है। ऐसे प्रभावित लोगों को तय समय में घर मुहैया करवाने के लिए गृहनिर्माण विभाग ने नियमों में परिवर्तन का फैसला लिया है।

## एलबीएस मार्ग पर ट्रैफिक जाम से राहत

**मुंबई।** लालबहादुर शास्त्री मार्ग पर आवागमन करनेवाले लोगों को अब ट्रैफिक जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। बीएमसी ने एलबीएस मार्ग पर वर्षों से हुए अतिक्रमण को सोमवार को हटा दिया। बीएमसी ने यहां 57 हजार 743 वर्गफुट जमीन से अतिक्रमण साफ किया। इस अतिक्रमण के कारण यहां वर्षों से यातायात में बाधा आ रही थी, जिससे लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता था। सोमवार को बीएमसी ने कई वर्षों से अवैध कब्जा जमाए 61 अवैध निर्माणों को बुलडोजर लगाकर तोड़ दिया। गंगावाड़ी, नित्यानंद नगर, श्रेयस सिग्नल के पास सड़क के किनारे पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था।

# प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल रोकने में बीएमसी नाकाम

**मुंबई।** प्रतिबंध के बावजूद मुंबई में प्लास्टिक की थैलियों का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। इसी का नतीजा है कि डेढ़ साल के भीतर 81 हजार 793 किलो प्लास्टिक जब्त की गई है। बीएमसी ने गैरकानूनी तरीके से प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों से 4 करोड़ 41 लाख रुपये का जुर्माना भी वसूला है। मुंबई में प्लास्टिक की थैलियों के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए बीएमसी ने ऐंटी प्लास्टिक स्क्वॉड (पथक) का गठन किया है। यह स्क्वॉड प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने और गैरकानूनी तरीके से प्लास्टिक की थैलियों का इस्तेमाल करने वालों से जुर्माना वसूलने का काम करता है। पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे की पर्यावरणमुक्त मुंबई की संकल्पना को पूरा करने के लिए शुरू में बीएमसी ने बाजारों, दुकानों एवं मॉल्स में जोरदार छापामार कार्रवाई की, लेकिन बाद में यह रफ्तार धीमी हो गई।

इस स्क्वॉड में बाजार, दुकानें, प्रतिष्ठान और लाइसेंस विभाग को भी शामिल किया गया है। लाइसेंस डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने बताया कि स्क्वॉड ने दुकानों, मॉल, बाजार और हॉकर्स जोन से बड़े पैमाने पर प्लास्टिक की जब्ती की है। बता दें कि प्लास्टिक बंदी में प्लास्टिक के चम्मच, प्लेट, ग्लास, स्ट्रॉ, प्लास्टिक कंटेनर और सभी प्रकार के प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

कानून के मुताबिक प्लास्टिक का इस्तेमाल करने, उसका उत्पादन और भंडारण करते समय अगर किसी को पहली बार पकड़ा जाता है तो उस पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। दूसरी बार पकड़े जाने पर 10,000 रुपये और तीसरी बार पकड़े जाने पर व्यक्ति से 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाता है। तीसरी बार पकड़े जाने पर व्यक्ति को 3 महीने की जेल का भी प्रावधान है।

राज्य में वर्ष 2018 से प्लास्टिक की थैलियों के इस्तेमाल पर पाबंदी लगी है। लेकिन, गुजरात से बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित थैली आ रही हैं। बीएमसी ने दूसरे राज्यों से आनेवाली प्लास्टिक की थैलियों को रोकने के लिए राज्य सरकार से मदद मांगी है। 1 मई से प्लास्टिक बंदी को प्रभावी ढंग से लागू करने की राज्य सरकार की तैयारी है। हाल ही में, पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे ने इस संदर्भ में सभी महानगरपालिकाओं के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। 20 फरवरी तक सभी को प्रभावी ऐक्शन प्लान बनाकर पर्यावरण विभाग को पेश करना है। दरअसल, आदित्य ठाकरे की पहल पर ही प्लास्टिक बंदी लागू हुई थी। लेकिन तमाम कारणों के चलते उसका असर नहीं हो पाया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# महाराष्ट्र कांग्रेस की पत्रिका में सावरकर की वीरता पर फिर उठा सवाल

**नई दिल्ली/मुंबई।** उद्धव सरकार में शामिल महाराष्ट्र कांग्रेस की पत्रिका के हालिया अंक में वीर सावरकर पर हमला बोला गया है। वहीं पत्रिका में सावरकर पर लेखों को रखा जाए या नहीं, इसे लेकर भी प्रदेश कांग्रेस में शुरूआती असमंजस दिखा। हालांकि बाद में हाइकमान के दखल के बाद इस पत्रिका को रिलीज किया गया।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र कांग्रेस की मराठी में प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका 'शिदोरी' के फरवरी अंक में सावरकर पर दो लेख शामिल किए गए हैं। इनमें से एक लेख की शीर्षक है- 'स्वातंत्र्यवीर नव्हे, माफीवीर' (स्वातंत्र्यवीर नहीं, माफीवीर), जबकि दूसरे लेख की शीर्षक है - 'अंधारातील सावकर' (सावरकर के अनजाने पहलू)। रोचक है कि पहले आलेख में कहा गया है कि सावरकर से जुड़े जो तमाम दस्तावेज सामने आते हैं, उन्हें देखने के बाद वह स्वातंत्र्यवीर



नहीं, बल्कि माफीवीर के तौर पर सामने आते हैं।

पत्रिका यह आलेख मराठी की एक मासिक पत्रिका 'साम्ययोग साधना' से साभार लिया गया है। वहीं दूसरे लेख में सावरकर के जीवन से जुड़े कुछ बेहद निजी पहलुओं को रखा गया है। इसमें एक ऐसी घटना का भी जिक्र है, जो सीधे उनके चरित्र से जुड़ा है। गौरतलब है कि यह कोई पहला मौका नहीं होगा, जब सावरकर को लेकर कांग्रेस की ओर से लिखित सामग्री के जरिए हमला न बोला गया हो। कुछ अर्से पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस के सेवादल की ओर से सावरकर पर लिखित सामग्री बांटी गई थी, जिस पर काफी विवाद हुआ था।

उल्लेखनीय है कि फरवरी में इन दो लेखों को लेकर कांग्रेस के भीतर काफी असमंजस था। दरअसल, वहां उद्धव सरकार में शामिल कांग्रेस के नेताओं में इस लेख को रखा जाए या नहीं, इसे लेकर असमजंस था। गौरतलब है कि शिवसेना लगातार सावरकर को स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर पेश करती रही है। इतना ही नहीं, पिछले दिनों में लोकसभा में उसने केंद्र सरकार के सामने सावरकर को भारत रत्न देने की मांग भी रखी है। ऐसे में इन लेखों को 'शिडोरी' में शामिल किया जाए या नहीं, इसे लेकर पार्टी में दुविधा थी।

सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश के एक दिग्गज नेता, जो सरकार में मंत्री हैं, ने संपादक रत्नाकर महाजन से इन्हें पत्रिका से हटाने के लिए कहा। उसमें कहा गया कि इन लेखों को हटाकर दोबारा पत्रिका छपवाई जाए।

बताया जाता है कि इस पर संपादक की ओर से दिल्ली राष्ट्रीय नेतृत्व से संपर्क किया गया, जहां से जवाब मिला कि इस मुद्दे पर राहुल गांधी अपनी बात रख चुके हैं। उन्होंने जो कहा है, पार्टी की लाइन भी वही है।

इस पर संपादक की ओर से दलील दी गई कि राहुल गांधी ने सावरकर पर जो बोला है, वह पार्टी के विचार हैं, इसे महाराष्ट्र की जनता को उन्हीं की भाषा में बताना क्यों जरूरी है। हाईकमान ने उनकी दलील से सहमत होते हुए इसे पत्रिका में रखने के लिए अपनी इजाजत दे दी। इसके बाद हाल ही में शिडोरी को इन लेखों के साथ जारी किया गया।

## प्राइवेट ट्रेनों की रेस में आए टाटा और अडानी

**मुंबई।** भारतीय रेलवे में प्राइवेट ट्रेनों की शुरूआत हो चुकी है। बजट भाषण में 100 रूट पर कुल 150 प्राइवेट ट्रेनें चलाने की घोषणा हुई थी। इंडियन रेलवे कैटरिंग ऐंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन द्वारा प्राइवेट कंपनियों को ट्रेन चलाने का ठेका दिया जा रहा है। जानकारों के मुताबिक, आईआरसीटीसी के शेयर मार्केट में उतरने के बाद अब इसमें रुपये लगाने के लिए निजी कंपनियां भी रुचि दिखा रही हैं। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक, प्राइवेट ट्रेनें चलाने के लिए टाटा और अडानी ग्रुप सहित करीब 2 दर्जन कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है।

प्राइवेट ट्रेनें चलाने के लिए रुचि दिखाने वाली कंपनियों में टाटा रियल्टी ऐंड इंफ्रास्ट्रक्चर, अडानी पोर्ट्स एवं एसईजेड, एस्सेल ग्रुप के अलावा कई बाहर की कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। इन विदेशी कंपनियों में हुंडई रोटेम, एलस्टॉम ट्रांसपोर्ट,



बॉम्बार्डियर, सिमेंस एजी, मैक्वेरी, हिताची इंडिया एवं साउथ एशिया के नाम प्रमुख हैं।

रेलवे से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मुंबई से नई दिल्ली, चेन्नई से नई दिल्ली, नई दिल्ली से हावड़ा, शालीमार से पुणे, नई दिल्ली से पटना समेत कुछ ऐसे मार्ग हैं, जहां से निजी ट्रेनें चलाने की योजना है। निजी ट्रेन 15 मिनट के अंतराल पर चलेंगी। प्रत्येक नई ट्रेन में कम से कम 16 कोच होंगे। कोचों की अधिकतम संख्या संबंधित मार्ग पर चलने वाली सबसे लंबी यात्री ट्रेन से अधिक नहीं होगी। इन ट्रेनों की अधिकतम गति 160 किमी प्रति घंटे होगी।

किसी विशेष मार्ग पर किराया कितना होगा, यह तय करने का अधिकार निजी कंपनियों का ही होगा। सभी वित्तीय अधिकार हाथ में होने की वजह से इन कंपनियों पर ही निजी ट्रेनों के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी होगी। रेल अधिकारियों के अनुसार, निजी कंपनियों की ट्रेन चलाने में रुचि की बड़ी वजह यह है कि जब आईआरसीटीसी ने आईपीओ के जरिए शेयर बाजार में प्रवेश किया था, तो कंपनी के शेयर 15 दिन से कम समय में ही 50 फीसदी से अधिक बढ़ चुके थे।

## महाराष्ट्रः ड्राइवर ने शीशे में देखा धुआं, बच गई 48 बस यात्रियों की जान

**नवी मुंबई।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई इलाके में ड्राइवर की सजगता से 48 बस यात्रियों की जान बच गई। बस में सवार ज्यादातर यात्री मुंबई के रहने वाले हैं। आग लगने के कुछ ही मिनट बाद ही बस से लपटें निकलने लगीं और कुछ ही देर में जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि यह हादसा रविवार देर रात 1.15 बजे मुंबई-गोवा हाइवे पर पोलादपुर में हुआ। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

साईं पूजा नामक प्राइवेट लग्जरी बस सिंधुदुर्ग से मुंबई का सफर तय कर रही थी। इसी बीच ड्राइवर ने शीशे में देखा कि पिछले टायर में से धुआं निकल रहा है। कांदिवली के रहने वाले ड्राइवर विद्यानंद किरलोस्कर ने कहा, 'मैंने शीशे में देखा कि धुआं निकल रहा है। इसके बाद मैंने गाड़ी हाइवे पर खड़ी कर दी और मैंने सभी लोगों को गाड़ी से उतर जाने को कहा।' किरलोस्कर ने कहा कि बस से सामान को भी उतार लिया गया था। जैसे ही बस पूरी तरह से खाली हुई, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और धू-धू करके जलने लगी। यात्रियों के लिए चिपलुन से दूसरी बस की गई और उसे मुंबई के लिए रवाना किया गया। इस पुलिस ने दुर्घटनावश आग लगने का मामला दर्ज कर लिया है।

## बीएमसी का एमएमआरडीए और एसआरए पर 1720 करोड़ बकाया

**मुंबई।** बीएमसी ने अपनी डांवाडोल होती आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए अन्य संस्थाओं के पास बकाया करोड़ों रुपये वसूलने की पहल शुरू की है। बीएमसी का एसआरए और एमएमआरडीए के पास बकाया 1720 करोड़ रुपये टैक्स बकाया है, जिसे वसूलने की मांग की गई है। बीएमसी में सुधार समिति अध्यक्ष सदानंद परब ने बीएमसी कमिश्नर प्रवीण परदेशी को पत्र लिख कर दोनों संस्थाओं से बकाया वसूलने की मांग की है। मुंबई में एसआरए और एमएमआरडीए की कई योजनाएं चल रही हैं, इससे टैक्स के रूप में बीएमसी को बड़ा राजस्व मिलता है। अब तक एसआरए की योजनाओं से बीएमसी को 1600 करोड़ रुपये प्राप्त होना चाहिए था, जो बकाया है। इसी तरह एमएमआरडीए की योजनाओं से बीएमसी को 120 करोड़ रुपये मिलने चाहिए थे। इस तरह इन दोनों संस्थाओं के पास बीएमसी का 1720 करोड़ रुपये बकाया है। बीएमसी को संपत्ति कर, बैंकों में रखे एफडी, सेवा शुल्क, लीज पर दिए गए भूखंड आदि से आर्थिक आय होती है। लेकिन, वैश्विक मंदी का परिणाम बीएमसी की आर्थिक स्थिति पर भी पड़ा है। बीएमसी संपत्ति कर का 15 हजार करोड़ रुपये अभी भी वसूल नहीं पाई है। बीएमसी कमिश्नर प्रवीण परदेशी ने बजट पेश करते हुए कहा था कि आर्थिक मंदी के कारण संपत्ति कर वसूली कम हुई है।

## पाकिस्तान ने 2000 की नोट का किया 'नकल', 9 में से 7 सिक्यॉरिटी फीचर मिले

**मुंबई।** दुबई से मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट पहुंचे एक व्यक्ति को कुल 24 लाख रुपये मूल्य के दो हजार के नोटों के साथ अरेस्ट कर लिया गया है। पाकिस्तान में बने इन उच्च गुणवत्ता के नोटों पर नौ में से 7 सिक्यॉरिटी फीचर मौजूद थे। पुलिस के साथ पूछताछ में आरोपी ने बताया कि ये नोट पाकिस्तान में प्रिंट किए गए और वहां से दुबई भेजे गए ताकि उन्हें भारत भेजा जा सके।

बता दें कि वर्ष 2016 में जब 2000 के नोट जारी किए गए थे, तब इन्हें बेहद सुरक्षित नोट बताया गया था। पिछले साल अक्टूबर में आरबीआई ने कहा था कि वर्ष 2019 में उसने 2000 का कोई नया नोट नहीं छापा है। आरबीआई ने कहा कि एनआईए को उच्चकोटि के फर्जी नोट मिले हैं। यात्री जावेद शेख मुंबई के कलवा का रहने वाला है। जावेद पहले भी कई बार दुबई और बैंकाक जा चुका है और वहां से फर्जी नोट ला चुका है।

पुलिस अब जावेद से यह जानने का प्रयास कर रही है कि ये नोट किसे दिए जाने थे। संयुक्त पुलिस आयुक्त संतोष रस्तोगी ने आतंकी कनेक्शन की आशंका को खारिज नहीं करते हुए कहा, 'सामान्य आदमी इन फर्जी नोटों को पहचान नहीं सकता है। ये नोट एकदम असली लगते हैं। शेख एयरपोर्ट के सिक्यॉरिटी चेक से बाहर आ गया था। उसे इंटरनैशनल टर्मिनल के बस स्टॉप के बाहर से अरेस्ट किया गया।'

संतोष रस्तोगी ने कहा कि शेख को अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की सूचना के आधार पर अरेस्ट किया गया है। उन्होंने कहा, 'नकली नोटों को एक बैग में भरा गया था। उसे तलाश करने में एक घंटे लग गया।

हमने उसकी पहचान उसकी सफेद जींस से की। सुबह के करीब 9.30 बजे थे। वह बस का इंतजार कर रहा था। इन नोटों को बैग के अंदर छिपाकर रखा गया था।'

# जीत के जश्न से उत्साहित आप कार्यकर्ताओं का मुंबई में जश्न

# नवाब मलिक बोले : अहंकारी हारा जनता जीत गई

- मुंबई में आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया
- 'आप' की जीत पर राकांपा नेता मलिक ने पीएम मोदी पर निशाना साधा

**मुंबई।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के रुझानों से उत्साहित आम आदमी पार्टी पूरे देश में जश्न मना रही है। मुंबई के 'आप' कार्यालय पर जश्न मनाया गया। आप कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़े की धुन पर जमकर जश्न मनाया। इस जश्न में आप नेता अंजलि दमानिया भी शामिल हुईं। दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों पर भारतीय जनता पार्टी नेता और पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के प्रयास के कारण हम 3 से तकरीबन 15 सीटों तक पहुंचे हैं। हमने मेहनत की लेकिन कुछ जगहों पर कमी रह गई, जिसकी समीक्षा की जाएगी। मेरे हिसाब से भाजपा को मुख्यमंत्री उम्मीदवार का चेहरा सामने रखना चाहिए था। यह सबसे बड़ी गलती नजर आ रही है। जब हम लोकसभा की सभी सीटों पर हैं, सभी नगर निगम में हैं, फिर विधानसभा में क्यों पीछे रह गए इसकी समीक्षा की जरूरत है।

नवाब मालिक ने एक ट्वीट कर पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए लिखा,'मोदी जी ने दिल्ली चुनाव में जनता से अपील की थी के वे एन्टी नॅशनल के खिलाफ मतदान करें, जनता ने मोदी जी की सलाह मान मतदान कर भाजपा को एन्टी नेशनल घोषित कर दिया।



### अहंकारी हारा जनता जीत गईः नवाब मलिक

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जीत पर राकांपा नेता और मंत्री नवाब मालिक ने कहा, 'ध्रुवीकरण और बटवारे की राजनीती हारी, भाईचारा और एकता की जीत हुई, अहंकारी हारा जनता जीत गई।' नवाब मालिक ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए लिखा,'मोदी जी ने दिल्ली चुनाव में जनता से अपील की थी के वे एन्टी नॅशनल के खिलाफ मतदान करें, जनता ने मोदी जी की सलाह मान मतदान कर भाजपा को एन्टी नेशनल घोषित कर दिया।'

# देश 'जन की बात' से चलता है 'मन की बात' से नहीं : उद्धव ठाकरे

## शरद पंवार ने कहा कि जनता ने भाजपा को हरानें के लिए दिये वोट





**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा, ₹मैं आम आदमी पार्टी की जीत पर दिल्ली के लोगों और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बधाई देता हूं।' बधाई देने के साथ सीएम ठाकरे ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा और बोला कि लोगों ने ये दिखाया है कि देश 'जन की बात' से चलता है न कि 'मन की बात' से।'

सीएम उद्धव ने आगे कहा,'दिल्ली में (केंद्र) तथाकथित राष्ट्रवादी विचारधारा की एक सरकार है, जिसने पूरी मशीनरी और बल का उपयोग किया दिल्ली विधानसभा चुनाव में किया, लेकिन उनका यह प्रयास असफल रहा।

उन्होंने आगे कहा, 'भाजपा ने केजरीवाल को आतंकी बताया। स्थानीय मुद्दों की जगह अंतरराष्ट्रीय मुद्दे उठाकर लोगों का मन बदलने का प्रयास किया गया। लेकिन भाजपा फेल रही। दिल्ली की जनता केजरीवाल की ईमानदारी और काम करने की प्रतिबद्धता के कारण उनके साथ खड़ी नजर आई।'

उद्धव ने आगे कहा,'देश में कुछ लोग ऐसे हैं जो भ्रम में थे कि केवल वही राष्ट्र से प्रेम करते हैं। भाजपा ने सभी राजनीतिक विरोधियों को देशद्रोही बताया है। दिल्ली के लोगों ने ऐसे लोगों को उनकी जगह दिखा दी है।'

केजरीवाल की जीत पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने कहा, 'जो असली लड़ाई हुई वो सही मायने में दो लोगों में ही हुई। लोगों ने ये सोचा की तीसरे को मतदान देकर उसे जाया नहीं जाने देना हैं, इसलिए या तो भाजपा या आप को जनता ने वोट दिया। आज लोगों को हम सबकी तरफ से एक तरह के विचार की भूमिका की जरूरत हैं। मुझे एक बात साफ दिख रही हैं लोगों की ये भावना हैं कि भाजपा 'आपत्ति' है और उसको हटाना हैं।'

# बेटी के अंतरजातीय विवाह से आहत माता-पिता और भाई ने कुएं में कूद दी जान

## बेटी ने भी की आत्महत्या की कोशिश

**गढ़चिरौली।** बेटी के घर से भागकर शादी करने से आहत माता-पिता और भाई ने घर के बाहर स्थित कुएं में कूदकर जान दे दी। घटना सोमवार शाम की है। परिवार के सुसाइड की जानकारी जब बेटी को मिली तो उसने भी कूएं में कूदकर खुदकुशी की कोशिश की। हालांकि, ग्रामीणों ने उसे बचा लिया है। मामला महाराष्ट्र के गढ़चिरौली का है। पुलिस ने बताया कि गढ़चिरौली के विवेकानंद नगर में रहने वाले रविन्द्र वरगंटीवार (50), उनकी पत्नी वैशाली (43) और बेटा साईंराम (17) का शव घर के सामने स्थित कुएं में मिले हैं।शुरूआती जांच में पता चला है कि कुछ दिन पहले रविन्द्र की बड़ी बेटी ने घर से भागकर दूसरी जाति के लड़के से शादी कर ली थी। इससे वरगंटीवार परिवार आहत था। पड़ोसियों ने बताया कि इसके बाद पूरे परिवार ने खुद को घर में लगभग बंद कर लिया था। लोगों से बातचीत भी बंद कर दी थी। वरगंटीवार के घर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि बेटी भी शादी करके पति के साथ गढ़चिरौली में ही दूसरे इलाके में रहती है। जब उसे माता-पिता और भाई की मौत की खबर मिली तो उसने भी कुएं में कूदकर जान देने की कोशिश की। हालांकि, स्थानीय लोगों ने उसे बचा लिया है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**62 सीटें जीतकर आप ने लगाई हैट्रिक**

दिल्ली वालों ने मुझे जन्मदिन का तोहफा दिया है। चुनाव प्रचार में परिवार की सक्रियता को लेकर पूछे जाने पर सुनीता केजरीवाल ने कहा कि यह एक नई किस्म की फाइट थी। उन्होंने कहा कि काफी अप एंड डाउंस चल रहे थे। अलग तरह की पॉलिटिक्स चल रही थी। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि एक तरफ एजेंडा सेट करने की पॉलिटिक्स थी, तो दूसरी तरफ हमें अपने काम पर भरोसा था। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि दिल्ली ने सच को जिताया। अरविंद केजरीवाल क्या सरकार चलाने के लिए भी उनकी सलाह लेते हैं, उनसे चर्चा करते हैं? इस सवाल पर पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि घर में बात होती रहती है। हम मुद्दों पर चर्चा करते रहते हैं। अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के दौरान आतंकवादी बताए जाने के सवाल पर उनकी पत्नी ने कहा कि अब सब खत्म हो गया है। हालांकि उन लोगों ने ऐसा बोल कर अच्छा नहीं किया। उन्होंने कहा कि राजनीति है, ढंग से मुद्दों पर लड़ो। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि यह उनके लिए डबल सेलिब्रेशन का मौका है। अगले पांच साल के एजेंडे के संबंध में पूछे जाने पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब दिल्ली में लेवल टू का काम होगा। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के बाद अब 10 गारंटी पर काम होगा। वहीं चुनाव प्रचार के दौरान सक्रिय नजर आईं अरविंद केजरीवाल की पुत्री हर्षिता ने कहा कि हमने वॉलंटियर की तरह काम किया। हर्षिता ने बताया कि जब ग्राउंड पर जाते थे, लोगों से पॉजिटिव सुनकर अच्छा लगता था। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में वॉलंटियर्स छुट्टी लेकर चुनाव प्रचार के लिए आए थे। मैं भी उनमें से एक हूं। चुनाव को लेकर घर में क्या चर्चा होती थी, इस सवाल पर अरविंद केजरीवाल की पुत्री ने कहा कि हम हमेशा यही बात करते थे कि 64 सीटें जीतेंगे कि 66 सीटें जीतेंगे। हमने 60 सीट से नीचे आने की कभी बात ही नहीं की। अरविंद केजरीवाल के पुत्र पुलकित ने कहा कि जब पॉजिटिव पॉलिटिक्स देख रहे हैं, यह देख रहे हैं कि सरकार कुछ कर रही है तो खुद भी कॉन्ट्रीब्यूट करने का मन करता है। उन्होंने कहा कि जीत से सारे दोस्त भी खुश हैं और बधाई दे रहे हैं। पुलकित ने कहा कि सभी कह रहे हैं कि पहली बार किसी सरकार ने एजुकेशन पर इतना काम किया और इसके नाम पर वोट मांगा। उन्होंने बताया कि जब भी दोस्तों की ओर से कोई सुझाव मिलता है और वह अच्छा लगता है तो उसे डैड तक पहुंचा देता हूं। पुलकित ने बेरोजगारी को बड़ी समस्या बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई सरकार अगले पांच साल में इसका समाधान करेगी।

**जीत के बाद बोले सिसोदिया...**

मतगणना के शुरूआती चरणों में कई बार मनीष को बीजेपी से टक्कर मिलती रही और वह वोटों में पिछड़ते नजर आ रहे थे, आखिरकार उन्हें मुश्किल से दो हजार वोटों के अंतर से जीत मिली है। चुनाव प्रचार के दौरान लगातार शाहीन बाग पर धारदार बयानबाजी करने वाले बीजेपी सांसद प्रवेश वर्मा ने चुनाव नतीजों के बाद हार स्वीकार करते हुए कहा कि हम नतीजों पर गौर करेंगे। प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली वाले फ्री के प्रभाव में बह गए। हम 5 साल दिल्ली की जनता के मुद्दों को विपक्ष के रूप में उठाते रहेंगे। बीजेपी सांसद परवेश वर्मा ने कहा कि हम दिल्ली सरकार की कमियों को जनता के सामने अच्छे से नहीं रख पाए और इसके लिए आगे और मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का चुनाव शिक्षा और विकास के मुद्दे पर हुआ होता तो दिल्ली के शिक्षा मंत्री नहीं हार रहे होते। वर्मा ने कहा कि दिल्लीवासी झूठे विज्ञापन और फ्री के प्रवाह में बह गए हैं क्योंकि तीन महीनों से बिजली-पानी का बिल फ्री आ रहा था, बस की यात्रा महिलाओं के लिए मुफ्त थी। परवेश ने कहा कि दिल्ली की जनता को बधाई के साथ कार्यकताओं को भी बधाई देता हूं जिन्होंने दिन-रात मेहनत की है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता ने नफरत की राजनीति की नकारा है और प्यार का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि नतीजों ने पूरे देश को संदेश भेजा है कि अब सिर्फ काम के नाम पर राजनीति होगी। उन्होंने कहा कि मनीष और बाकी नेता भी चुनाव जीतेंगे, अभी इंतजार करना होगा। संजय सिंह ने कहा कि आप को 60 से ज्यादा सीटों पर जीत मिलेगी। रुझानों पर ट्वीट करते हुए आप के रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने ट्ववीट कर दिल्ली की जनता को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि भारत की आत्मा की रक्षा में साथ देने के लिए दिल्ली की जनता का आभार।







CMYK
दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर


# एनआरसी का प्रथम चरण है सीएए : एडवोकेट शाने इलाही




## ☞ एडवोकेट शाने इलाही ने अपनें इंटरव्यू में बताया सीएए और एनआरसी पर सरकार का काला सच
## ☞ सरकार को देश के गंभीर मुद्दों जैसे अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, भूखमरी आदि पर सोचना चाहिए

**एनआरसी** अभी देश में लागू नहीं हुआ है। अभी केन्द्र सरकार द्वारा सीएए लागू किया है, जो अभी एक एक्ट बन चुका है। मगर यह एनआरसी का पहला स्टेप है। अब तक सरकार यह कहती आ रही है कि यह नागरिकता देनें का कानून है, छीननें का नहीं। इस पर मेरा सरकार से यह सवाल है कि अगर यह नागरिकता देनें का कानून है तो असम में 19 लाख लोगों को सीएए के माध्यम से एनआरसी में क्यों लाया गया? उन लोगों में 5 लाख लोग मुस्लिम है तथा 14 लाख लोग गैर मुस्लिम है, जिन्हें सीधा डिटेंशन सेंटर में डाला गया है। हमनें हाल ही में देखा कि हमारे देश के सैनिक जिनका नाम मोहम्मद सनाउल्ला है, जिन्होनें फौज में रहते हुए देश के लिए कारगिल की लडाई लडी थी, उन्हें भी डिटेंशन सेंटर में डाला गया है। फिर उन्होनें मजबूरन उच्च न्यायालय से जमानत ली।

यह बडे ही शर्म की बात है कि सरकार ने बिल लागू तो कर दिया, मगर अभी तक इस पर अपनी मंशा साफ नहीं कर पाई कि यह बिल नागरिकता देनें के लिए है या छीननें के लिए। आज देश में इस बिल के विरोध में महिलाए, बच्चे, नौजवान और बूढे लोग भी सडकों पर है। देश की आम जनता के इतनें विरोध के बाद भी सरकार के नुमाइंदे टस से मस नहीं हो रहे हैं। ऐसे ऐसे नारे लगाये जा रहे है कि देश के गद्दारों को गोली मारो सालों को। मैं यह पूछना चाहता हूं कि आखिर में यह गद्दार है कौन और बार-बार यह बात होती है कि बांग्लादेशियों और पाकिस्तानियों को इस देश से बाहर निकालो। हम सभी यह चाहते है कि घुसपैठियों को बाहर निकाला जाये, मगर घुसपैठियों की जगह देश की आम जनता के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है।

जनता की ओर से जब भी प्रधानमंत्री जी को यह बात पूछी जाती है कि देश की जीडीपी गिर रही है, रुपये का भाव बिल्कुल नीचे गिर गया है मगर मोदी जी कहते है कि हम पाकिस्तान को जवाब देंगे। यहां देश की हालत खराब है, मगर हम पाकिस्तान को जवाब देंगे। मैं भारत का आम नागरिक हूं और पेशे से एक अधिवक्ता हूं और मैं आपसे यह सवाल कर रहा हूं कि देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। देश के नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। भूखमरी बढ गई है

> **असम में 19 लाख लोगों को पहले सीएए के दायरे में लिया गया फिर एकदम से उनपर एनआरसी लागू कर दिया गया, जिनमें ऐसे लोग भी थे, जिन्होनें देशहित में अपनी जान की बाजी लगा दी, मगर सरकार ने उन्हें डिटेंशन सेंटर में डाल दिया। क्या पूरे देश में भी यही होनें वाला है। सडको पर उतरे लोगों का यही सवाल है सरकार से।**

मगर मोदी जी जवाब देते है कि अबकी बार पाकिस्तान को पूरी तरह बर्बाद कर देंगे। बडी अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का विषय तो आया ही नहीं, हम भारत की बात कर रहे है। मगर देश के विकास के बारे में कोई बात नहीं होती। हम जब भी इस तरह के सवाल सरकार से करते है, तो वे हमेशा इस तरह का ही जवाब देते है कि पाकिस्तान को नहीं छोडेंगे और अगर जवाब नहीं दे पाते तो कहते है कि ये देशद्रोही है। इस पर देशद्रोह का मुकदमा चलना चाहिए। हम सभी भारत में जन्मे है और दिल से भारतीय है। हमें हिन्दू-मुस्लिम वाली बातों से लडाना बंद कीजिए। सन् 1947 में जब आजादी मिली, उससे पूर्व देश से जब अलग होकर पाकिस्तान नया देश बना, तब मोहम्मद अली जिन्ना ने कहा था कि सभी मुस्लिम पाकिस्तान चलो, मगर हमारे पूर्वजों ने उस बात को ठुकराया और स्वदेश की मिट्टी में ही डटकर रहे, क्योंकि भारत हम सभी का है। आजादी के वक्त भी हिन्दू-मुस्लिम नहीं देखा गया, मगर अफसोस की बात है कि आज ऐसा वक्त आ गया है, जब हिन्दू-मुस्लिम को लेकर सभी को लडवाया जा रहा है। मोदी जी ने लोकसभा में चिल्ला-चिल्ला कर कहा था कि तीन तलाक के लिए मैं अपनी मुस्लिम बहनों को रोनें और मरनें नहीं दूंगा। मगर आज देश में वही बहनें सडको पर कडकडाती ठंड में रो-रोकर अपनी बात कह रही है, छोटे-छोटे बच्चे मर रहे है, मगर अब प्रधानमंत्री जी चुप है, उन्हें कुछ दिखाई और सुनाई नहीं दे रहा।

शाहीनबाग में पिछले डेढ माह से महिलाएं और बच्चे कडकडाती ठंड से जूझकर सरकार से अपनी बात कहनें के लिए खडे है, मगर कोई बात करनें को तैयार नहीं है। सीएए पर गृहमंत्री कुछ और कहते है और प्रधानमंत्री कुछ और। मैं आज के हालातों से बिल्कुल उलझ चुका हूं, देश में क्या हो रहा है, कुछ समझ नहीं पा रहा हूं। इसलिए सरकार से गुजारिश करता हूं कि भारत के आम नागरिक के नाते देश के बदतर हालातों पर मुझसे डिबेट कीजिए, मुझे समझाईये कि देश में आप किस तरह से सभी को खुशहाल कर रहे है, क्योंकि मुझे तो कुछ और ही दिख रहा है। मगर सरकार को इतना बता दें कि देश के लोग जन्म से, पहचान से और हर तरीके से भारतीय है, इसके लिए हमें कोई सर्टिफिकेट देनें की जरुरत नहीं है। हम भारतीय थे, भारतीय है और भारतीय रहेंगे।

# उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए अमित मिश्रा को मिला 'बॉलीवुड आयकोनिक एवार्ड'






**मुंबई** में 'बॉलीवुड आयकोनिक एवार्ड -2020' फंक्शन का आयोजन किया गया। फाउंडर तथा डायरेक्टर कृष्णा चौहान के इस शानदार व यादगार इवेंट की शुरूवात योगेश लखानी ने दीप प्रज्वलित करके की तथा समारोह के मुख्य अतिथि थे प्रसिद्ध म्युजिक डायरेक्टर दिलीप सेन। इस एवार्ड फंक्शन के दौरान उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिये सीनियर जर्नलिस्ट अमित मिश्रा को बॉलीवुड आयकोनिक एवार्ड प्रदान किया गया। उनके अलावा एक्टर-कॉमेडियन सुनील पाल, दीपा नारायण झा, म्युजिक कम्पोजर-सिंगर संतोख सिंग, गीतकार सुधाकर शर्मा, एक्शन डायरेक्टर आर पी यादव, शिरीन फरीद, शोएब अहमद, सुष्मिता बिस्वास, पत्रकार राजाराम सिंह, संतोष साहू, तथा बेस्ट पी आर ओ के लिए अब्दुल कादिर, फरहा अंजर खान व चाहत खन्ना को बॉलीवुड आयकोनिक एवार्ड देकर सम्मानित किया गया। डायरेक्टर तथा




इस एवार्ड के फाउंडर कृष्णा चौहान ने बताया कि ये उनका दूसरा एवार्ड फंक्शन है। इससे पूर्व वे बॉलीवुड लिजेंड एवार्ड का आयोजन कर चुके हैं।

# केंद्र की याचिका पर निर्भया के दोषियों को नोटिस

## दोषी विनय शर्मा ने दया याचिका खारिज होने को चुनौती दी

**सुप्रीम कोर्ट** ने केंद्र सरकार की याचिका पर निर्भया दुष्कर्म के चारों दोषियों को नोटिस जारी करने जवाब मांगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने दोषियों की फांसी से स्टे हटाने की केंद्र सरकार की याचिका खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। इस बीच निर्भया के दोषी विनय शर्मा ने राष्ट्रपति द्वारा उसकी दया याचिका खारिज होने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की। केंद्र ने इस याचिका में दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें चारों दोषियों को अलग-अलग फांसी दिए जाने की मांग को खारिज करते हुए कहा था कि सबको एक साथ ही फांसी होगी। केंद्र की ओर से 7 फरवरी को एडिशनल सॉलीसिटर



जनरल केएम नटराजन ने शीर्ष अदालत से जल्द सुनवाई की गुजारिश की, जिसे मंजूर कर लिया गया। 3 जजों की बेंच ने प्रशासन को फांसी के लिए नई तारीख जारी करने के लिए ट्रायल कोर्ट जाने की इजाजत दे दी। बेंच ने केंद्र और दिल्ली सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा- आपके मुताबिक तीन दोषियों की दया याचिका खारिज हो चुकी है। एक दोषी ने दया याचिका दाखिल नहीं की है। ऐसे में आप नया डेथ वॉरंट जारी कराने की याचिका क्यों नहीं दाखिल करते? आप किसी दोषी को दया याचिका लगाने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। अदालत के सवाल पर मेहता ने कहा- दोषियों को फांसी की मांग मजे के लिए नहीं की जा रही है। प्रशासन केवल कानूनी प्रावधान पर अमल कर रहा है। इस बीच, निर्भया के चार दोषियों में से एक विनय शर्मा ने राष्ट्रपति द्वारा उसकी दया याचिका खारिज करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की। उसने अपने वकील एपी सिंह के मार्फत फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने की मांग भी की।

**ऊंची अदालत में मामला डेथ वॉरंट जारी करने में बाधक नहीं:** बेंच में शामिल जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एएस बोपन्ना ने साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट में केंद्र और दिल्ली सरकार की अपील लंबित रहने का ट्रायल कोर्ट के दोषियों की फांसी की नई तारीख तय करने पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- चारों दोषियों को एक साथ फांसी हो:** दिल्ली हाईकोर्ट ने 5 फरवरी को कहा था कि निर्भया के चारों दुष्कर्मियों को अलग-अलग फांसी नहीं दी जा सकती। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि दोषी को 7 दिन में अपने सभी कानूनी विकल्प पूरे करने होंगे। पटियाला हाउस कोर्ट ने निर्भया के चारों दोषियों मुकेश, अक्षय, पवन और विनय की फांसी पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। केंद्र और तिहाड़ जेल प्रशासन ने इस फैसले के लिए खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

# दिल्ली चुनावः कांग्रेस का लगातार दूसरी बार खाता नहीं खुला

## इस बार 66 उम्मीदवार उतारे, केवल 3 ही अपनी जमानत बचा पाए

**चुनाव** के रुझान और नतीजे बता रहे हैं कि कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिल रही है। यह लगातार दूसरा चुनाव है, जिसमें पार्टी खाता नहीं खोल पाई है। 2015 में भी कांग्रेस एक भी सीट नहीं हासिल कर पाई थी। इस बार पार्टी ने 66 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, इनमें से केवल 3 ही अपनी जमानत बचा पाए। भाजपा 8 सीटों पर आगे है, यानी पिछली बार 5 ज्यादा। जिन 16 मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर उम्मीदवार उतारे, वहां 3 पर भाजपा आगे है। लेकिन, जहां अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा ने प्रचार किया, वहां 3 पर पीछे है। विधानसभा की 70 में से 16 सीटें ऐसी हैं, जो मुस्लिम बाहुल्य



हैं। इन सीटों पर 15% से लेकर 50% तक की आबादी मुस्लिम है। इन 16 सीटों में से आप 13 पर आगे चल रही है, जबकि 3 पर भाजपा बढ़त बनाए हुए है। पिछले चुनाव में भाजपा ने इन 16 में से सिर्फ एक ही मुस्तफाबाद सीट जीती थी। लेकिन, इस बार मुस्तफाबाद सीट भाजपा के हाथ से निकल रही है। यहां से अभी आप आगे चल रही है। तीन सीटों विकासपुरी, मादीपुर और रिठाला में वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद प्रवेश वर्मा ने रैली की, यहां भाजपा पिछड़ गई। विकासपुरी में वर्मा ने कहा था कि शाहीन बाग वाले आपके घरों में घुस जाएंगे और मांओं-बहनों से रेप कर लेंगे। वहीं, अनुराग ने रिठाला की रैली में नारा लगवाया- 'देश के गद्दारों को...', 'गोली मारो...।'

# दिल्ली चुनाव में बदल गया प्रचार मुद्दों का स्वरुप!

**दिल्ली** चुनाव में चुनावी परिणाम आशा स्वरुप ही रहा। भाजपा के लाख दावों के बावजूद आखिरकार आप पार्टी को बंपर सफलता मिल ही गई। चुनाव में हार जीत तो होती रहती है पर इस चुनाव में विकास से ज्यादा बहस सनातन हिन्दू परम्परा और हिंदुत्व के बीच होने लगी, पार्टियाँ के नए चुनावी मुद्दे सामने आने लगे। हर पार्टी के नेता ने अपने आपको हिन्दुओं का रहनुमा साबित करने की कोशिश की। चुनाव में भाजपा नेताओं ने राम मंदिर और हिन्दू हितों की बात की, हिन्दू वोटों को अपने पक्ष में करने के लिए बार-बार आतंकवाद और पाकिस्तान का डर दिखाया। भाजपा के एक सांसद ने जहाँ आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल को आतंकवादी कह दिया, वहीं एक केंद्रीय मंत्री की सभा में भीड़ द्वारा गोली मारने के नारे लगे। धार्मिक ध्रुवीकरण के इन तमाम प्रयासों के बीच अरविन्द केजरीवाल का एक टीवी चैनल पर हनुमान चालीसा पढ़ना और चुनाव पूर्व हनुमान मंदिर की तस्वीर मीडिया में आना महज एक संयोग नहीं है। हनुमान चालीसा और हनुमान मंदिर के जरिये अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली की चुनावी राजनीति को राम भक्त और हनुमान भक्त की नजर से देखने का एक नया दृष्टिकोण दे दिया। राहुल-प्रियंका गाँधी से लेकर कन्हैया कुमार तक, हिन्दू प्रतीकों का जम कर इस्तेमाल करते रहे। आने वाले दिनों में विपक्ष की कोशिश होगी कि राजनीतिक बहस सनातन हिन्दू परम्परा और हिंदुत्व के बीच हो। कुछ विपक्ष के नेता अपने भाषणों में हिन्दू होने और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा भाजपा के हिंदुत्व के बीच फर्क बताने लगे। राजनितिक वर्चस्व की यह धार आने वाले दिनों में और तेज होगी। यह अनायास नहीं है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एक बड़े नेता, भैयाजी जोशी ने कहा है कि भाजपा का विरोध करने का मतलब हिन्दू विरोध नहीं है। शायद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने हवा का रुख भांप लिया है। दिल्ली के चुनाव में आम आदमी पार्टी का मुख्य मुद्दा स्कूली शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार पर केंद्रित था, वह अपने काम पर वोट मांग रहे थे। भाजपा धारा 370, तीन तलाक के खात्मे पर वोट मांग रही थी। चुनाव के ठीक एक दिन पहले इस बारे में जब एक टी वी एंकर ने एक वोटर से पूछा तो उसका जवाब था- भाजपा की केंद्र में सरकार है तो वह अपने काम पर वोट नहीं मांग रहे हैं, गुजरात के विकास मॉडल की कोई बात नहीं कर रहा है, उनके दो-तीन मुख्यमंत्री दिल्ली चुनाव के प्रचार में आते हैं लेकिन अपने प्रदेश का एक अच्छा काम क्या है इसका उदाहरण तक नहीं देते, तो जिसने हमारी आँख के सामने



अशोक भाटिया

काम किया है, हम उसके साथ हैं। इस तरह देखें तो यह चुनाव विचारधारा और विचारधारा के परे काम की राजनीति के बीच भी था। इस चुनाव ने राजनीति में कुछ नए विमर्श पैदा किया है और इसके बाद के चुनावों पर दिल्ली के विधानसभा चुनाव की छाया साफ दिखाई दी। हाल के महीनों तक भाजपा समर्थक अपने कार्यक्रमों में तिरंगा लेकर चल रहे थे और भारत माता की जय बोल रहे थे। भाजपा के सभी छोटे-बड़े नेता, अपने भाषण में देश सुरक्षा, देशभक्ति और मजबूत देश का जिक्र करते हुए विरोधियों को ललकार रहे थे। लेकिन गत दिसंबर माह से एनआरसी-एनपीआर के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के दौरान सभी स्थानों पर तिरंगा लगा हुआ है और कई जगह लोग संविधान की प्रस्तावना का पाठ कर रहे हैं। तो इस तरह से तिरंगा अब भाजपा समर्थकों के साथ-साथ, विपक्ष और विरोध करने वालों के हाथों में भी लहरा रहा है। यह देश के प्रतीकों के जरिया अपनी लड़ाई लड़ने और वर्चस्व बनाने का भी तरीका है। इसीलिए एनआरसी-एनपीआर के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों में कहीं एक नारा यह भी है कि 'जीत गए तो वतन मुबारक, हार गए तो कफन मुबारक। आम आदमी पार्टी की चुनाव सभा में भी भारत माता की जय के साथ देश की मजबूती का जिक्र आता रहा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सीएए: कानपुर में सड़क पर जारी प्रदर्शन, महिलाएं बोलीं, 'पहले गोरों से लड़े, आज की लड़ाई चोरों से'

**कानपुर।** यूपी के कानपुर में पुलिस प्रशासन के एक बार फिर इजाजत देने के बाद नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध में प्रदर्शन जारी है। कानपुर के चमनगंज इलाके में महिलाएं मोहम्मद अली पार्क से बाहर निकलकर सड़क पर जमा हो गई हैं। सीएए-एनआरसी के विरोध में प्रदर्शन कर रहीं महिलाएं 'पहले लड़ाई गोरों से, अब लड़ेंगे चोरों से' जैसे नारे लगा रही हैं। बता दें कि सोमवार को पार्क से जबरन हटाए जाने के बाद प्रदर्शनकारी उग्र हो गए। भीड़ के दबाव के चलते पुलिस ने पार्क के अंदर धरना जारी रखने की मौखिक अनुमति दे दी थी।

चमनगंज इलाके में प्रदर्शनकारी रात में भी सड़कों पर बैठे रहे। इस दौरान एक महिला ने कहा, 'हिंदू मुस्लिम हम होने नहीं देंगे, सन 47 फिर से होने नहीं देंगे, क्योंकि




हम लोग एक बार लड़ चुके हैं, हमारे पूर्वज लड़ चुके हैं। 1947 में हमने लड़ा था गोरों से, अब हम लड़ेंगे चोरों से...।' इससे पहले मोहम्मद अली पार्क में एक महीने से जारी धरने को खत्म करने की कोशिशों के बीच प्रदर्शनकारी सोमवार को उग्र हो गए थे।

रविवार आधी रात के बाद सख्ती कर पुलिस ने पार्क खाली कराया था। सुबह तक चले हंगामे के बाद हजारों की तादाद में महिलाएं और बच्चे रोड पर आ गए। सुबह 10 बजे तक भीड़ का दबाव बढ़ गया था और मजबूरन पुलिस-प्रशासन ने महिलाओं को पार्क में फिर धरने की मौखिक अनुमति दे दी। सीएए के खिलाफ मोहम्मद अली पार्क में 7 जनवरी से धरना चल रहा था। कई दिनों की कोशिशों के बाद शनिवार शाम पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने ऐलान किया था कि धरना खत्म हो गया है, लेकिन कुछ घंटों बाद ही एक गुट से जुड़ी महिलाएं दोबारा पार्क में धरना देने पहुंच गईं थी।

दोबारा तनातनी के बीच पुलिस ने दिसंबर में हुए उपद्रव के तीन आरोपियों को रविवार को जेल भेज दिया था। सोमवार/मंगलवार रात करीब 2 बजे पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ अधिकारी मोहम्मद अली पार्क पहुंचे। काफी देर तक समझाने के बाद महिलाएं हटने को राजी नहीं हुईं तो पुलिस ने बल प्रयोग कर महिलाओं को वहां से हटा दिया। इस दौरान क्षेत्र में भगदड़ जैसे हालात रहे। डीआईजी/एसएसपी अनंत देव के मुताबिक, दोनों शहर काजियों और एक अन्य शख्स की मौजूदगी में बातचीत तय हुई और धरना खत्म करने का ऐलान किया। दूसरे गुट ने सोशल मीडिया के जरिए दोबारा धरने की घोषणा कर दी। भीड़ का कोई नेतृत्व नहीं कर रहा है। आपसी राजनीति के चलते दोबारा समय मांगा गया है। जिस मुद्दे पर धरना था, उसका तो ज्ञापन दिया जा चुका है। उकसाने वालों को नोटिस दिया गया है।

## ईवीएम पर दिग्विजय सिंह बोले- '1.3 अरब का जनादेश चुराने की इजाजत नहीं दे सकते'

**भोपाल।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव की काउंटिंग के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने ईवीएम पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सवा अरब लोगों के जनादेश को चुराने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि क्या चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट ईवीएम से मतदान पर एक बार फिर सोचेंगे।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ट्वीट करते हुए कहा, 'ईवीएम टेंपर-प्रूफ नहीं हैं और कोई विकसित देश इनका उपयोग नहीं करता है। चिप वाली कोई मशीन टेंपर-प्रूफ नहीं है और कृपया एक मिनट के लिए सोचें कि विकसित देश ईवीएम का उपयोग क्यों नहीं करते?'

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट तथा चुनाव आयोग से ईवीएम का मुद्दा उठाने का आग्रह किया।



सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा, 'क्या चुनाव आयोग और माननीय सुप्रीम कोर्ट भारत में ईवीएम मतदान के मुद्दे पर एक बार फिर सोचेंगे? हम दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और हम कुछ बेईमान लोगों को चुनाव परिणाम हैक करने और 1.3 अरब लोगों के जनादेश को चुराने की अनुमति नहीं दे सकते।'

दिग्विजय सिंह ने जोर देकर कहा कि पोस्टल बैलटों की भी गिनती की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर उनका काउंटिंग यूनिट के वोटों से मिलान होता है तो परिणाम की घोषणा करें। अगर उनका मिलान नहीं होता है तो सभी मतदान केंद्र के बैलटों की गिनती सदन में की जाए। इससे सभी लोग सहमत होंगे और समय भी बचेगा क्योंकि चुनाव आयोग ईवीएम के पक्ष में लगातार यही तर्क देता रहा है।'

बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के रुझानों में आम आदमी पार्टी फिर बंपर बहुमत की ओर है। वहीं, बीजेपी का प्रदर्शन पिछली बार के मुकाबले थोड़ा सुधरा है।

दूसरी ओर शीला दीक्षित की अगुआई में राज्य में 15 साल तक राज करने वाली कांग्रेस खाता खोलने के लिए भी जूझ रही है।

## गोरखपुर में खुलेगा आयुष विवि, 24 हेक्टेयर जमीन मिली



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर में खुलेगा। जिले की चौरीचौरा तहसील के मलमलिया गांव में 24.29 हेक्टेयर जमीन चिह्नित कर आयुष विभाग के नाम कर दी गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोमवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। एम्स के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में गोरखपुर के नाम एक और उपलब्धि जुड़ेगी।

योगी सरकार ने प्रदेश में आयुष विश्वविद्यालय खोलने का फैसला किया था। पिछले बजट में इसके लिए 10 करोड़ रुपये के बजट का भी प्रावधान किया गया था। हालांकि जगह को लेकर माथापच्ची चल रही थी। आखिरकार बाजी गोरखपुर के हाथ लगी। अब जमीन चिह्नित कर विभाग के नाम कर दी गई है, जिससे प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।

आयुष विवि खुलने से एक ही छत के नीचे ही आयुर्वेदिक, यूनानी, सिद्धा, होम्योपैथी और योग चिकित्सा की पढ़ाई और उस पर शोध कार्य हो सकेगा। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश के यूनानी व होम्योपैथी कॉलेज भी इससे संबद्ध किए जाएंगे। योगी सरकार योग सहित प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहित करने में लगी है। गोरखपुर में इसे खोले जाने से पूर्वांचल की 6 करोड़ से अधिक जनता को चिकित्सा का एक और बेहतर विकल्प मिलेगा। मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में पहले से है जबकि एम्स की भी ओपीडी शुरू हो चुकी है।

## नोएडा में गांजा बेचते दो व्यक्ति गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 49 पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान अवैध रूप से गांजा बेचने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से लगभग सवा किलो गांजा बरामद किया।सहायक पुलिस आयुक्त विमल कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात थाना सेक्टर 49 पुलिस ने बरौला गांव के पास से चंदन कुमार झा को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने 500 ग्राम गांजा बरामद किया। एसीपी ने बताया कि सेक्टर 51 के पास से थाना सेक्टर 49 पुलिस ने संजय नाम के युवक को गिरफ्तार किया और उसके पास से 600 ग्राम गांजा बरामद किया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे गांजा बेचने के धंधे में कई दिन से लिप्त हैं।

## हार्दिक पटेल गायब? पत्नी ने गुजरात पुलिस पर लगाया आरोप

**अहमदाबाद (गुजरात)।** गुजरात के पाटीदार नेता हार्दिक पटेल को राज्य की सरकारी मशीनरी ने गायब कर दिया है! इस आरोप से सोमवार को गुजरात में हड़कंप मच गया। यह आरोप लगाया हार्दिक पटेल की पत्नी किंजल पटेल ने। उधर गुजरात पुलिस महानिदेशक ने आरोपों से साफ इनकार किया।

पुलिस महानिदेशक ने कहा, 'यह टॉपिक और इंसान कोई बात करने लायक है क्या? मैं नहीं समझता, ऐसे इंसान (हार्दिक पटेल) पर के किसी भी मामले में कोई कॉमेंट किया जाए। यह इंसान किसी कॉमेंट के भी काबिल नहीं है...।' दरअसल, सोमवार को किंजल पटेल ने जैसे ही पति को गायब कराने का आरोप लगाया, गुजरात पुलिस और राज्य की राजनीति में भूचाल आ गया। राजनीतिक गलियारों में जितने लोग उससे ज्यादा चर्चाओं का बाजार गरम हो गया। जबकि हार्दिक पटेल को कथित रूप से गायब करा दिए जाने का उनकी पत्नी किंजल पटेल का आरोप गुजरात से दिल्ली तक फैल गया।

किंजल पटेल ने मीडिया के सामने खुलेआम कहा, 'मेरे पति और परिवार का राज्य की सरकारी मशीनरी उत्पीड़न कर रही है। उनके ऊपर एक के बाद एक देशद्रोह के मामले लाद दिए गए हैं, जो सीधे-सीधे सरकार की बुरी मंशा को दर्शाते हैं।' बता दें कि 2015 में हुए पटेल आरक्षण आंदोलन की अगुवाई हार्दिक पटेल ही कर रहे थे। तभी से वह एक के बाद एक कानूनी पचड़ों में फंसते गए। उन पर करीब 20 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इनमें अधिकांश मामले देशद्रोह और शांति भंग के हैं।

## हाईस्कूल के टीचर पढ़ा रहे इंटर का सब्जेक्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के ड्रीम प्रॉजेक्ट में शामिल रहे राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज करोरा स्थित अभिनव विद्यालय शुरू हुए चार साल हो गए, लेकिन शिक्षा विभाग आज तक यहां स्थायी शिक्षक नहीं दे पाया है। नतीजतन यहां पर 17 पदों के बरअक्स सिर्फ दो स्थाई शिक्षक ही तैनात हैं। यह स्थिति अभिनव समेत कई अन्य राजकीय स्कूलों की भी है। वहीं, डीआईओएस की ओर से शिक्षकों की सूचना बीते अक्टूबर में निदेशालय को भेजी गई थी लेकिन अब तक खाली पदों पर शिक्षक तैनात नहीं किए गए।

साल 2016 में प्रत्येक मंडल में एक-एक अभिनव विद्यालय की स्थापना की गई थी। इसके तहत मोहनलालगंज के करोरा में खोले गए विद्यालय में छह से 12वीं तक सीबीएसई बोर्ड से पढ़ाई की शुरूआत हुई। विभाग ने यहां प्रवक्ता के 10 और सहायक अध्यापक के सात पद स्वीकृत किए थे, लेकिन अभी तक इंटर में 10 में एक भी शिक्षक तैनात नहीं किया गया। हाईस्कूल में भी सात में सिर्फ दो स्थायी शिक्षक ही दिए गए।

# सोने की तरह चमकने को तैयार धरती धोरां री जोधपुर

दुनिया की 15 सबसे ज्यादा घूमने वाली जगहों में जोधपुर का भी नाम शामिल हुआ। जोधपुर में रहने वालों के साथ है यह पूरे हिंदुस्तान के लिए गर्व की बात है। जोधपुर राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। आर्किटेक्चर और हिस्ट्री लवर्स के लिए यह शहर विजुअल ट्रीट से कम नहीं है। यह शहर भारत ही नहीं बल्कि इंटरनैशनल टूरिस्ट्स का भी फेवरिट है। जोधपुर के विकास की कई योजनाओं पर काम हो रहा है, जो जल्द ही इस शहर का आकर्षण और बढ़ाएंगी।

**जोजरी रिवर फ्रंट**

साबरमती रीवर फ्रंट की तर्ज पर जोधपुर में भी विश्वस्तरीय रीवर फ्रंट की परियोजना तैयार हो रही है। इसके लिए कई चुनौतियां भी हैं। जैसे बनाड स्थित जोजरी नदी तक पानी लाने के लिए बड़े नाले तैयार करना। सारण नगर से बनाड तक रेलवे लाइन के पास 100 फिटकी सड़क बनाकर उसे जयपुर मार्ग से जोड़ना, ताकि ट्रैफिक पर असर न पड़े।

**कायलाना का सौंदर्यीकरण**


जोधपुर की शान कायलाना झील को सुंदर बनाने और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इसके चारों ओर सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 6.5 किमी सड़क का निर्माण होगा, जिसकी अधिकांश जमीन वन विभाग के अधीन है। 25 करोड़ की इस योजना के लिए जल्द ही कन्सल्टंट नियुक्त किया जा रहा है। इसके बाद पैरासेलिंग, स्पीड बोट, वॉटर स्कूटर जैसे एडवेंचर भी शुरू किए जाएंगे।

**ओपन एयर थिएटर**

सम्राट अशोक उद्यान में ओपन एयर थिएटर का सिविल निर्माण होना है। इसके लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। अधिकारियों के मुताबिक, विश्वस्तरीय रंगमंच का निर्माण होगा। जहां पर्यटकों के लिए लोक संस्कृति की नुमाइश होगी। राजस्थानी और हिंदुस्तानी कला का प्रदर्शन होगा।

**उद्यानों का सौंदर्यीकरण**

शहर के दो प्रमुख उम्मेद और मंडोर उद्यान के सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 7 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उम्मेद उद्यान में अमृत योजना के तहत 2.5 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसी तरह ऐतिहासिक मंडोर उद्यान के विकास के लिए 4.82 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सालभर में यहां लगभग 50 हजार विदेशी पर्यटक आते हैं। यहां म्यूज़िकल और रोशनी वाले विश्वस्तरीय फाउंटेन लगाए जाएंगे। इसी तर्ज पर मान सागर पार्क में भी 1.24 करोड़ रुपये खर्च कर म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण किया जाएगा।



**एलिवेटेड रोड**

महामंदिर से आखलिया चौराहा तक 9 किमी एलिवेटेड रोड तैयार होनी है। संभावनाओं के साथ शहर में बढ़ते ट्रैफिक को कम करने के लिए यह योजना तैयार हो रही है। परियोजना से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, एलिवेटेड रोड में इतना स्कोप रहेगा कि भविष्य में ऊपर से मेट्रो भी गुजारी जा सकेगी। एक हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना का डीपीआर तैयार हो रहा है।

## सोशल मीडिया में वायरल हो रही है इस घड़ियाल की फोटो, वजह दिल को छू जाएगा



सोशल मीडिया में इन दिनों एक घड़ियाल का फोटो वायरल हो रहा है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इस घड़ियाल के चर्चा में आने की वजह आप जानेंगे, तो वह आपके मन को छू जाएगा। इस फोटो में एक घड़ियाल अपने बच्चों के साथ नजर जा रहा है, जो अपने बच्चों को पानी के अंदर से किनारे की ओर आता हुआ दिखाई दे रहा है। लोगों को घड़ियाल से मिल रहे जिम्मेदारी का पाठ काफी पसंद आ रहा है।

आईएफएस अधिकारी प्रवीण कासवान ने इस फोटो को 6 फरवरी को अपने ट्विटर अकाउंट से शेयर किया था, जिसे काफी लोग पसंद कर रहे हैं।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। लेटलतीफी कार्यालय में भारी पड़ सकती है। किसी से पैसों के लेनदेन में सावधानी बरतें।

**सिंह**
नौकरी में पदोन्नति के साथ स्थानांतर के योग बन रहे हैं। नए दायित्व को लेकर खुशी मिल सकती है। कोई पुरानी बीमारी अचानक उभर सकती है।

**धनु**
कार्यालय में कुछ परेशानी आ सकती है। आपकी लापरवाही से अधिकारी के आक्रोश का शिकार हो सकते हैं। अपने दायित्व को ठीक तरह से निभाएं।

**वृष**
मौसम की प्रतिकूलता स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है इसलिये सचेत रहें। व्यापार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। धार्मिक आयोजनों में सक्रियता से हिस्सा लेंगे।

**कन्या**
कहीं से नौकरी को लेकर आकर्षक प्रस्ताव सामने आ सकता है लेकिन अपने विवेक से सोच समझकर ही निर्णय लें। व्यापार में लाभ के अवसर मिल रहे हैं।

**मकर**
आपका मनमाना रवैया दूसरों को परेशानी में डाल सकता है। काम में लापरवाही भारी पड़ सकती है। मौसम का परिवर्तन स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है।

**मिथुन**
कोई आपको बरगलाने का प्रयास कर सकता है इसलिये सावधान रहें। आर्थिक मसलों को पारदर्शिता से निपटाएं। व्यापार में लाभ की संभावना है।

**तुला**
मेहमानों के आगमन से घर में खुशी का माहौल रहेगा। कोई अपना ही आपको भ्रमित कर सकता है इसलिये सतर्क रहें। बुजुर्गों के मार्गदर्शन को महत्व दें।


**कुंभ**
परिवार के लोगों के साथ धार्मिक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा के दौरान चोरी, दुर्घटना का भय भी है। बच्चों के शैक्षणिक भविष्य की चिंता परेशान कर सकती है।

**कर्क**
कोई अनचाहा कार्य आपको परेशानी में डाल सकता है। अपने कार्य के प्रति लापरवाही ठीक नहीं है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेंगे।

**वृश्चिक**
अविवाहितों को विवाह के मौके मिल सकते हैं। परिवार में खुशी का क्षण उपस्थित हो सकता है। मौसमी बीमारियों से कुछ परेशानी हो सकती है।

**मीन**
दिन शुभ रहेगा। आपकी सक्रियता और कार्यशैली लोगों के बीच चर्चा का विषय बन सकती है। अभी कहीं यात्रा का कार्यक्रम बनाने से बचें क्योंकि समय अनुकूल नहीं है।

# मालदीव में बिकनी पहनने पर हो सकती है जेल, जानें नियम



मालदीव एक परफेक्ट रोमांटिक ड्रीम आइलैंड डेस्टिनेशन है जो अपने बीचेज की खूबसूरती के लिए दुनिया भर में मशहूर है। आए दिन बॉलिवुड सिलेब्स की मालदीव में छुट्टियां मनाने की खबरें और तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल होती रहती हैं। वीजा ऑन अराइवल की सुविधा के कारण भारी संख्या में भारतीय सैलानी अपनी छुट्टियां मनाने के लिए मालदीव जाते हैं। यहां की बेहद साफ बीचेज पर घंटों बैठकर सनबेदिंग के साथ स्विमिंग, वॉटर स्पोर्ट्स और कई अंडरवॉटर ऐक्टिविटीज में भी शामिल होते हैं। अगर आप भी मालदीव जाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो यह खबर आप के लिए ही है।

हाल ही में मालदीव में बिकिनी पहनने पर महिला को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, मालदीव के माफुशी नॉन रिसॉर्ट द्वीप से एक महिला को बिकिनी पहनने पर गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला तीन पुलिस अधिकारियों से संघर्ष करती दिखाई दे रही है, जो उसे तौलिए से ढकने की कोशिश कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, महिला को गत शुक्रवार शाम 5 बजे के करीब गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों का कहना था कि महिला नशे में थी।

वहीं मालदीव के पुलिस सर्विस कमिश्नर मोहम्मद हमीद ने महिला की गिरफ्तारी के बाद सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी। विडियो में महिला ब्रिटिश लहजे में चिल्ला रही है, ह्वाआप मेरा यौन उत्पीड़न कर रहे हो। बिकनी पहनना द्वीप पर गैरकानूनी नहीं है, लेकिन यह हॉलीडे रिसॉर्ट्स के अलावा सभी क्षेत्रों में इस पर ह्वसख्त मनाही है। माले की राजधानी के साथ-साथ स्थानीय द्वीपों पर बिकनी पहनना 'प्रतिबंधित है। सिर्फ प्राइवेट द्वीपों या स्थानीय रिसॉर्ट्स में बिकनी पहनने की अनुमति है। एक इस्लामिक देश होने के कारण मालदीव में कुछ सख्त नियम हैं और स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करने पर जेल की सजा तक हो सकती है।



# ला लीगा: बार्सिलोना ने बेटिस और रियल ने ओसासुना को हराया,

## अंक तालिका में मजबूत हुई दोनों टीम

**नई दिल्ली।** लियोनल मेसी खुद तो कोई गोल नहीं कर सके लेकिन उन्होंने रियल बेटिस के खिलाफ हुए तीनों गोल में मदद की जिससे बार्सिलोना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से जीत दर्ज की। बार्सिलोना के लिए फ्रेंकी डि जोंग (9वें मिनट), सर्जियो बास्केटस (45+3वें मिनट) और लेंगलेट (72वें मिनट) ने, जबकि बेटिस की ओर से सर्जियो कैनेलस (छठे मिनट) और नेबिल फकीर (26वें मिनट) में गोल किए। रियल मैड्रिड ने भी पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ओसासुना को 4-1 से मात दी। जिनेदिन जिदान की टीम के लिए इस्को (33वें मिनट), सर्जियो रोमास (38वें मिनट), लुकास वाजक्वेज (84वें मिनट) और लुका जुविक (90+2वें मिनट)) ने गोल किए। ओसासुना के लिए एकमात्र गोल उनाई गार्सिया ने खेल के 14वें मिनट में किया। इस जीत से रियल ने ला लीगा तालिका में 52 अंकों के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बार्सिलोना (49) और रियल के बीच तीन अंकों का फासला है।

## आईएसएल: नॉर्थ ईस्ट युनाइटेड और जमशेदपुर एफसी ने 3-3 से ड्रॉ खेला



**गुवाहाटी।** नॉर्थ ईस्ट युनाइटेड एफसी और जमशेदपुर एफसी ने सोमवार को यहां इंडियन सुपर लीग में 3-3 से ड्रॉ खेला। दोनों टीमें पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। जमशेदपुर की टीम अंक तालिका में सातवें जबकि नॉर्थ ईस्ट युनाइटेड नौवें स्थान पर है।

नॉर्थ ईस्ट टीम की ओर से फेडेरिको गालेगो (चौथे मिनट), रिडीम तलांग (77वें मिनट) और जोस ल्युडो (66वें मिनट) ने गोल दागे। जमशेदपुर एफसी की ओर से डेविड ग्रैंड (45 प्लस एक मिनट), नोए एकोस्टा (82वें मिनट) और मेमो (85वें मिनट) ने गोल किए।

हाफ टाइम तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं, जिसके बाद दूसरे हाफ में खिलाड़ियों ने तेजा दिखाई। एक समय नॉर्थ ईस्ट टीम 3-1 से बढ़त बनाए हुए थी, लेकिन फिर एकोस्टा और मेमो ने 1-1 गोल कर स्कोर 3-3 से बराबरी पर ला दिया।

## महिला टी20 वर्ल्ड कप में इस नई तकनीक का इस्तेमाल करेगी आईसीसी



**दुबई।** किसी वैश्विक टूर्नामेंट में पहली बार फ्रंटफुट नो बॉल तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जब आईसीसी इस महीने के आखिर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में इसे लागू करेगी।

हाल ही में भारत और वेस्टइंडीज में सफल प्रयोग के बाद इसके इस्तेमाल का फैसला किया गया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, तीसरा अंपायर हर गेंद के बाद फ्रंटफुट लैंडिंग पोजिशन पर नजर रखेगा। गेंद नो बॉल होने पर वह मैदानी अंपायर को इसकी सूचना देगा।

इसमें कहा गया, मैदानी अंपायरों को निर्देश दिए गए हैं कि फ्रंटफुट नो बॉल पर वह फैसला नहीं लेंगे। बाकी नो बॉल पर हालांकि वे ही फैसला लेंगे। हाल ही में 12 मैचों में इस तकनीक का ट्रायल लिया गया, जिसमें 4717 गेंदें डाली गईं और उनमें 13 नो बॉल थीं। आईसीसी महाप्रबंधक (क्रिकेट) ज्योफ अलार्डिस ने कहा, क्रिकेट में मैच अधिकारियों की मदद के लिए तकनीक के इस्तेमाल की अच्छी परंपरा रही है। मुझे यकीन है कि इस तकनीक के प्रयोग से आईसीसी महिला टी20 विश्व में फ्रंटफुट नो बॉल में गलतियों की गुंजाइश कम हो जाएगी।

## लालरेम्सियामी बनीं एफआईएच साल 2019 की सर्वश्रेष्ठ उदीयमान महिला खिलाड़ी

**लुसाने।** भारतीय फॉरवर्ड लालरेम्सियामी को 2019 की एफआईएच की सर्वश्रेष्ठ उदीयमान महिला खिलाड़ी चुना गया। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। भारत की 19 वर्ष की स्ट्राइकर ने अर्जेंटीना की जूलिएटा जांकुनास और नीदरलैंड्स की फ्रेडरिक माटला को हराया, जो दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

मिजोरम की इस खिलाड़ी को 40 प्रतिशत वोट मिले। उन्हें राष्ट्रीय संघों से 47.7 प्रतिशत, मीडिया से 28.4 प्रतिशत और प्रशंसकों तथा खिलाड़ियों से 36.4 प्रतिशत वोट मिले। बेलारूस के खिलाफ 2017 में पदार्पण करने के बाद लालरेम्सियामी भारतीय टीम का अभिन्न अंग बनी हुई हैं।

उन्होंने 2017 में कोरिया और 2019 में स्पेन के खिलाफ सर्वाधिक गोल दागे। हिरोशिमा में एफआईएच सीरिज फाइनल्स में भारत ने ओलिंपिक क्वॉलिफायर्स में जगह बनाने की होड़ में शामिल आठ दूसरी टीमों को हराया। भारत ने अमेरिका को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

टूर्नामेंट के दौरान लालरेम्सियामी के पिता का निधन हो गया था लेकिन इस दुख को झेलते हुए उसने खेलने का फैसला किया। उन्होंने बाद में कहा, 'मैं चाहती थी कि मेरे पिता को मुझ पर गर्व हो। इसलिए मैंने रुकने और खेलने का फैसला किया।' मिजोरम के छोटे से गांव से निकली लालरेम्सियामी ने कहा, 'मेरे गांव में हॉकी काफी मशहूर नहीं है। बहुत कम लोग खेलते हैं लेकिन मेरी हमेशा से हाकी में रुचि थी। यही वजह है कि मैने थेंजाल जाने का फैसला किया, जो मेरे गांव से काफी दूर था। मुझे शुरूआती साल हॉस्टल में बिताने पड़े।'

# जायसवाल, बिश्नोई और त्यागी को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप की टीम में मिली जगह

**दुबई।** भारतीय अंडर-19 टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और रविवार को संपन्न हुए विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले रवि बिश्नोई उन तीन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें आईसीसी ने अंडर-19 विश्व कप की टीम में सोमवार को जगह दी।

विश्व कप विजेता बांग्लादेश के कप्तान अकबर अली के नेतृत्व में चुनी गयी 12 सदस्यीय टीम में वामहस्त बल्लेबाज जयसवाल और लेग स्पिनर बिश्नोई के अलावा तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी को जगह दी गयी है। विश्व कप में छह पारियों में 33 की औसत से 400 रन बनाने वाले जायसवाल को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। बिश्नोई ने इतने ही मैच में महज 10.64 की औसत से टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 17 विकेट लिये जबकि त्यागी ने 13.90 की औसत से 11 विकेट लिए।





भारतीय टीम हालांकि फाइनल में बांग्लादेश से तीन विकेट से हार गयी। टूर्नामेंट की आधिकारिक टीम में अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान और वेस्टइंडीज के नईम यंग जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

अकबर के अलावा बांग्लादेश के दो और खिलाड़ियों शहादत हुसैन और महमूदुल हसन जॉय को भी टीम में शामिल किया गया है। इस टीम में अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज में दो-दो खिलाड़ी हैं। कनाडा के अकील कुमार को 12वें खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल किया गया है। टीम को पांच सदस्यों की समिति द्वारा चुना गया जिसमें आईसीसी के प्रतिनिधि मैरी गॉडबीर, इयान बिशप, रोहन गावस्कर और नताली जर्मनोस के अलावा ईएसपीएन क्रिकइन्फो के संवाददाता श्रेष्ठ शाह भी शामिल थे।

**टूर्नामेंट की आईसीसी अंडर-19 विश्व कप टीम (बल्लेबाजी क्रम में):**

यशस्वी जायसवाल (भारत) इब्राहिम जादरान (अफगानिस्तान), रविन्दु रसन्था (श्रीलंका), महमूदुल हसन जॉय (बांग्लादेश), शहादत हुसैन (बांग्लादेश), नईम यंग (वेस्ट इंडीज) अकबर अली (बांग्लादेश (विकेटकीपर, कप्तान), शफीकुल्लाह गफरी (अफगानिस्तान), रवि बिश्नोई (भारत), कार्तिक त्यागी (भारत), जायदेन सील, (वेस्ट इंडीज) अकील कुमार (कनाडा)- 12वां खिलाड़ी



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कृति खरबंदा के हाथ से निकल गई अमिताभ और इमरान की 'चेहरे'

**अपनी** पिछली फिल्म 'हाउसफुल 4' की सफलता का जश्न मनाने और आने वाली फिल्म पागलपंती के प्रमोशन में व्यस्त ऐक्ट्रेस कृति खरबंदा के हिस्से अब एक बुरी खबर आ गई है। दरअसल, कृति को अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी स्टारर उनकी अगली फिल्म चेहरे से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। पहले जहां इस बात को लेकर केवल कयास लगाए जा रहे थे, वहीं अब फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे उनके को-स्टार इमरान हाशमी ने इस बात की पुष्टि कर दी है। बातचीत के दौरान इमरान से कृति को रिप्लेस किए जाने की खबर पर कहा, 'हां, मैंने भी ये सुना है। अभी खबर आई है, जो सच है। झूठ नहीं है। अब किसी और को ढूंढेंगे।' इमरान ने यह भी बताया कि रूमी जाफरी निर्देशित इस फिल्म का दूसरा शेड्यूल जल्द ही पोलैंड में माइनस 10 डिग्री तामपान में फिल्माया जाना है। यही नहीं, अब कृति को रिप्लेस किए जाने के बाद फिल्म का पहला शेड्यूल भी रीशूट करना पड़ सकता है। वैसे, कृति अपनी इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड थीं। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया था कि कैसे अमिताभ बच्चन उनकी एक गुजारिश पर तुरंत शॉट री-शूट करने को तैयार हो गए थे। यही नहीं, उन्होंने अपने इस अनुभव को बिना फीस दिए स्कूल जाने जैसा करार दिया था, जहां उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है। लेकिन कहा जा रहा है कि कृति और उनकी टीम डेट्स को लेकर काफी इशू खड़ा कर रही थी, जिसकी वजह से उन्हें फिल्म से निकाल दिया गया।





# सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली सिलेब्रिटी बनीं प्रिंयका

प्रियंका चोपड़ा को यूं ही ग्लोबल आइकन नहीं कहा जाता, उन्होंने न सिर्फ इंटरनैशनल लेवल पर अपना नाम बनाया है बल्कि पूरी दुनिया की हॉट फेवरिट स्टार हैं। और यह बात एक रीसेंट सर्वे में साबित हो गई है। इस सर्वे के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा टॉप इंडियन ऐक्ट्रेस हैं जिन्होंने अक्टूबर 2018 से अक्टूबर 2019 के बीच पूरी दुनिया के लोगों पर अपना प्रभाव छोड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका का नाम 2019 में 2.74 मिलियन बार सर्च किया गया। प्रियंका के अलावा फीमेल लिस्ट में बॉलिवुड ऐक्ट्रेस दीपिका पादुकोण दूसरे और सनी लियोनी तीसरे नंबर पर रहीं। इस सर्वे में सामने आया कि सलमान खान को अक्टूबर 2019 में 1.83 मिलियन बार सर्च किया गया। वहीं अगर सिर्फ मेल सिलेब्स की बात करें तो सलमान खान के बाद सर्च किए जाने वाले लोगों में शाहरुख खान दूसरे और अमरीश पुरी तीसरे नंबर पर रहे। प्रियंका ने हाल ही में फिल्म द स्काई इज पिंक से कमबैक किया है। फिल्म में उनके साथ फरहान अख्तरर थे। हाल ही में वह अपनी एक और फिल्म की शूटिंग खत्म करके दिल्ली से गई हैं, इसमें वह राजकुमार राव के साथ शूटिंग कर रही थीं। वह अपने प्रफेशनल कमिटमेंट्स के चलते इंडिया और यूएस आती जाती रहती हैं।

# सुष्मिता को रोहमन ने दिया छत पर सरप्राइज



**बॉलिविड** ऐक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने कल 19 नवंबर को अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस खास मौके पर उनके बॉयफ्रेंड रोहमन शॉल का एक रोमांटिक पोस्ट काफी चर्चा में रहा। इसको अलावा रोहमन ने सुष्मिता को बर्थडे पर बड़ा ही खूबसूरत सरप्राइज भी दिया, जिसके कई विडियोज ऐक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किए। रोहमन ने सुष्मिता के इस बर्थडे को बेहद खास बना दिया, जिसे देख वह खुशी से फूले नहीं समा रही थीं। उन्हों यह विडियो पोस्ट करते हुए लिखा है कि इस सरप्राइज का उन्हें जरा भी आइडिया नहीं लगा, क्योंकि घर के सभी लोग काफी अच्छी तरह से ऐक्टिंग कर रहे थे। दरअसल रोहमन ने सुष्मिता के बर्थडे पर पूरा छत बिल्कुल दुल्हन की तरह सजाया था। लाइटों से सजे छत के बीच एक टेंट लगा था, जिसमें ढेर सारे बलून और केक भी रखा गया था। सुष्मिता के लिए उनकी बेटियों अलिशा और रिनी के अलावा घर के सभी लोगों ने ढेर सारे मेसेजेज हैंग कर रखे थे, जिसे पढ़कर बेहद खुश होती दिखीं वह। इन सबके अलावा उन्हें सरप्राइज में मिला एक प्यारा सा पपी भी और इस विडियो में वह भी नजर आ रहा है।